संख्या- 10/2016/330/एक-4-16-16बी-4/15 टी0सी0

प्रेषक,

बीरबल सिंह,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

1- आयुक्त् एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0 प्र0,लखनऊ।
2- जिलाधिकारी,
हापुड ।
3- जिलाधिकारी,
गोण्डा।

राजस्व अनुभाग-4 **लखनऊ दिनांक 31 मार्च, 2016**

विषयः-वित्तीय वर्ष 2015-16 में जिला प्रशासन हेतु निष्प्रयोज्य वाहनों के प्रतिस्थापन स्वरूप नये वाहन क्रय किये जाने की वित्तीय स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0 लखनऊ एवं जिलाधिकारी हापुड के पत्र संख्या-269/नाजिर सदर/2016, दिनांक 12 मार्च, 2016 तथा जिलाधिकारी गोण्डा पत्र संख्या-13/256/नौ-नाजिर सदर (वाहन)/2016, दिनांक 11 मार्च, 2016 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जिलाधिकारी हापुड् एवं अपर जिलाधिकारी हेतु शासनादेश दिनांक- 03.09.2012 द्वारा स्वीकृत वाहन (अम्बेसडर कार) तथा जिलाधिकारी गोण्डा हेतु शासनादेश दिनांक- 20.06.2014 द्वारा निष्प्रयोज्य वाहन संख्या- यू0पी0-43- ई-001 के प्रतिस्थापन स्वरूप स्वीकृत अम्बेसडर कार का उत्पादन बन्द हो जाने के कारण क्रय नही किया जा सकता। उक्त के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष 2015-16 में नवसृजित हापुड के जिलाधिकारी हेतु नये वाहन के रूप में टोयटा कम्पनी की 01 (एक) इनोवा कार (2.5जी ई-4-एक्स, 7 सीट) क्रय किये जाने हेतु धनराशि रू0-11,63,020/- (रूपये ग्यारह लाख तिरसठ हजार बीस मात्र) एवं अपर जिलाधिकारी हापुड हेतु नये वाहन के रूप में 01 (एक) बोलेरो वाहन क्रय किये जाने हेतु धनराशि रू0-6,64,102/-(रूपये छः लाख चौंसठ हजार एक सौ दो मात्र) एवं जिलाधिकारी गोण्डा के निष्प्रयोज्य वाहन (अम्बेसडर कार संख्या- यू0पी0-43- ई-001) के प्रतिस्थापन स्वरूप नये वाहन के रूप में टोयटा कम्पनी की 01 (एक) इनोवा कार (2.5जी ई-4-एक्स, 7 सीट) क्रय किये जाने हेतु धनराशि रू0-11,63,020/- (रूपये ग्यारह लाख तिरसठ हजार बीस मात्र) अर्थात कुल धनराशि 29,90,142/- (रूपये उन्तीस लाख नब्बे हजार एक सौ बयालिस मात्र) की वित्तीय स्वीकृति अनुदान संख्या-50, लेखाशीर्षक-2053-जिला प्रशासन-आयोजनेत्तर-093-जिला स्थापनाएं-03-कलेक्ट्री स्थापना-14-मोटर गाडियों का क्रय मद में किये जाने तथा उक्त हेतु पूर्णांकित रू0-29.91 लाख की धनराशि 2053-जिला प्रशासन-आयोजनेत्तर-093 जिला स्थापनाएं-03-कलेक्ट्री स्थापना-01 वेतन मद/ 03 महगाई भत्ता मद में होने वाली बचतों से पुनर्विनियोग के माध्यम से स्वीकृत/व्यय किये जाने की निम्नलिखित शर्तों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) उक्त व्यय वित्तीय नियम संग्रह के सुसंगत क्रय नियमों एवं मितव्ययिता सम्बंधी समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबंधों के अनुसार समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए वाहन का क्रय स्वीकृत धनराशि के अन्तर्गत ही किया जायेगा। वाहन के क्रय के पूर्व यह भी सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि जिस निष्प्रयोज्य वाहन के स्थान पर नये वाहन का क्रय किया जा रहा है , उसके सापेक्ष पूर्व में वाहन का क्रय नहीं किया गया है। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि निष्प्रयोज्य हुए वाहन के सापेक्ष शासन अथवा अन्य स्रोत से पूर्व में किसी प्रकार की धनराशि प्राप्त नहीं की गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(2) यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रश्नगत निष्प्रयोज्य वाहन अनुदान संख्या -50 के अर्न्तगत जिला प्रशासन के लिए वाहनों की मद से ही क्रय किया गया हो। धनराशि का उपयोग केवल वाहन के क्रय के लिए वित्तीय वर्ष 2015-16 में ही किया जायेगा तथा वाहन का क्रय निर्धारित प्रक्रिया एवं सुसंगत क्रय नियमों/वित्तीय नियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सूक्ष्मतथा लघु उद्योग विभाग व राजस्व विभाग में निर्धारित नीति के अनुसार इनोवा वाहन का क्रय स्पेशल गवर्नमेण्ट परचेज रेट पर तथा अन्य वाहनों का क्रय डी0जी0एस0एण्ड डी0 रेट पर किया जायेगा, यदि उक्त वाहन क्रय करने के पश्चात धनराशि अवशेष बचती है तो उसे कोषागार में जमा कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(3) प्रतिस्थापन स्वरूप नये वाहनों का क्रय किये जाने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि निष्प्रयोज्य घोषित कर नीलाम किये गये वाहन सरकारी वाहन ही थे एवं उक्त निष्प्रयोज्य वाहन जिलाधिकारी को ही आवंटित थे तथा वाहन प्रतिस्थापन में द्विरावृत्ति नहीं हो रही है। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि सम्बन्धि जिलाधिकारी के पास इनोवा वाहन नहीं है।

(4) शासन द्वारा जिस प्रकार के वाहन के क्रय की अनुमति या स्वीकृति प्रदान की गई है, उसी प्रकार के वाहन को क्रय करके शासन को एक माह के अन्दर उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। तत्पश्चात ही संबंधित जनपद को अन्य वाहन स्वीकृत किये जाने पर विचार किया जायेगा। नये इनोवा वाहन का क्रय स्पेशल गवर्नमेन्ट परचेज रेट पर तथा अन्य वाहनों का क्रय डी0जी0एस0 एण्ड डी0 दर अनुबंध पर राज्य के अन्दर आथराइज्ड डीलर से नियमानुसार किया जायेगा।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-50, लेखाशीर्षक -2053-जिला प्रशासन-आयेाजनेत्तर-093-जिला स्थापनाएं-03-कलेक्ट्री स्थापना-14-मोटर गाडियों का क्रय मद के अन्तर्गत संलग्नक बी0एम0-9 में उल्लिखित मानक मदों के सम्मुख हो रही बचतो से पुनर्विनियोग के माध्यम से वहन किया जायेगा।

3- स्वीकृत धनराशि से संबंधित बजट जनपदों को आनलाइन करने की कार्यवाही राजस्व परिषद द्वारा तत्काल सुनिश्चित की जायेगी ।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0 संख्या-ई-5 849(1)/दस-2016 दिनांक 31 मार्च, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

संलग्नक-यथोक्त। (बी0एम0-9)

भवदीय,

(बीरबल सिंह)
उप सचिव।

संख्या- 10/2016/330(1)एक-4-16-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -:

1- महालेखाकार लेखा एवं हकदारी (प्रथम),उ0प्र0, इलाहाबाद/ (लेखा परीक्षा) प्रथम,उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- कोषाधिकारी, हापुड एवं गोण्डा। ।
3- वित्त (व्यय नियंत्रण)अनुभाग-5
4- वित्त (आय व्ययक)अनुभाग-2।
5- राजस्व अनुभाग-6
6- गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,

(बीरबल सिंह)
उप सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in